मनोहर मैमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, फतेहाबाद

प्रैस नोट

एम0एम0कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा विलियम शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक, 'द मर्चेंट वेनिस' पर आधारित फिल्म का आयोजन

मनोहर मैमोरियल स्नातकोतर महाविद्यालय, फतेहाबाद, हरियाणा के अंग्रेजी विभाग द्वारा, बी0ए0 अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक, विलियम शेक्सपीयर के अविस्मरणीय नाटक, 'द मर्चेंट ऑफ वेनिस' पर आधारित एक फिल्म का आयोजन 03 जून, 2022 को सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को इस विश्वविख्यात लेखक से रूबरू करवाने के साथ–साथ, इस नाटक के मुख्य संदेश को भी उन तक पहुंचाना था। इस फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों ने नाटक के मुख्य किरदारों, जिनमें एंटानियों, बेसेनियो, ग्रेशियानो, लॉरेन्जो, शाइलॉक, पोर्शिया, नेरिसा, जेसिका आदि शामिल हैं, को भली भांति पहचाना एवं समझा।

अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो0 महेश मेहता जी ने भी अपनी अहम भूमिका अदा की। उन्होंने विद्यार्थियों को नाटक के मुख्य किरदार, पोर्शिया की 'दया के गुण' पर आधारित एक 'स्पीच' का महत्व समझाया। प्रो0 प्रतिभा मखीजा एवं डॉ0 तृप्ता मेहता ने भी विद्यार्थियों को नाटक के कई एपिसोडस की जानकारी देते हुए, इस कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 गुरचरन दास, एम0एम0 एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन श्री आत्म प्रकाश बत्रा, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री राजीव बत्रा , महासचिव एडवोकेट श्री विनोद कुमार मेहता आदि सभी सदस्यों ने, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो0 महेश मेहता के साथ–साथ, इस विभाग के अन्य सभी स्टाफ सदस्यों, प्रो0 प्रतिभा मखीजा, डॉ0 तृप्ता मेहता, मैडम सिम्पा, प्रो0 प्रीत कौर, रेखा, सोनू बैनीवाल, कल्पना यादव तथा कम्प्यूटर साईंस विभागाध्यक्ष डॉ0 विकेश सेठी

तथा अन्य सदस्यों श्री अमन, श्री राजेश आदि सभी को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बहुत–बहुत बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रो0 महेश मेहता

विभागाध्यक्ष